प्रतिक्रमण-आलोचना-सामयिक पाठ



णिच्चं पच्चकखाणं कुव्वदिं णिच्चं पडिक्कमदि जो य।
णिच्चं आलोचेयदि सो हु चरितं हवदि चेदा॥

पूज्य श्री कानजीस्वामी स्मारक ट्रस्ट, देवलाली अंतर्गत
पूज्य कहान गुरुदेव स्मृति ग्रंथ प्रकाशन पुष्प-37

प्रतिक्रमण सामायिक आलोचना पाठ

❀ प्रकाशक ❀

श्री जैन मुमुक्षु महिला मंडळ

कहाननगर, लाम रोड,
देवलाली

❀ अंतर्गत ❀

पूज्य श्री कानजीस्वामी स्मारक ट्रस्ट

कहाननगर, लाम रोड,
देवलाली

प्रथम आवृत्ति : प्रत 1000 कहान संवत-11 विक्रम संवत 2058
वीर संवत 2528 इ.स. 2002

प्राप्तिस्थान :

- **पूज्य श्री कानजीस्वामी स्मारक ट्रस्ट**
  कहाननगर, लाम रोड,
  देवलाली-422401

- **श्री सीमंधर भगवान जिनालय**
  173/175, मुंबादेवी रोड,
  मुंबई-400002

मूल्य : रू. २६=००

मुद्रक :
स्मृति ओफसेट
सोनगढ-364 250
✆ : (02846) 44081

પરમ પૂજ્ય અધ્યાત્મમૂર્તિ સદ્‌ગુરુદેવ શ્રી કાનજીસ્વામી

प्रस्तावना (आमुख)

परम पूज्य कहान गुरुदेवश्रीकी स्मृति स्मारकरूपमें देवलालीके मध्यमें अति मनोरम्य, शांत वातावरणमें पूज्य श्री कानजीस्वामी स्मारक ट्रस्ट नवनिर्मित हुआ है। जो पूज्य गुरुदेवश्रीकी अति प्रभावनाका निमित्त हुआ है। इस संकुलनमें न्यूनतम सुंदर सुंदर शिबिर, विधान तथा अनेक रोचक प्रवृत्तियाँ नित्य-प्रति चल रही हैं। जिसमें बालकसे लेकर अनेक मुमुक्षुओं लाभान्वित हुए हैं।

अति सुंदर आयतनोंयुक्त महाराष्ट्र प्राँत देवलाली एक तीर्थधाम बन गया है। यहाँ प्रतिदिन यात्रियोंका आवागमन रहता है। श्री दिगंबर महावीर मंदिर, आदिनाथ त्रिमूर्तिसे संयुक्त श्री परमागममंदिरमें अति मनोज्ञ शांतिनाथ भगवानकी मूर्ति तथा अष्ट बलभद्र भगवंत खड्गासन रूपमें बिराजमान हैं। अति सुंदर कांचकी चित्रकारीवाली दिवालोंसे समवसरणमंदिरमें बिराजमान चौमुख मुद्राधारी श्री सीमंधरस्वामी तथा चतुर्विंशति भगवंत और चोगानके मध्यमें गगनचुंबी मानस्तंभ ५३ फुट उन्नत स्थित है, जिसमें ऊपर-नीचे चतुर्मुख श्री सीमंधरस्वामी बिराजमान हैं। उसकी नीचे ३ वेदियाँ अद्भुत दृश्योंसे अंकित सुशोभित हैं। श्री वीतरागी भगवंतोंका दर्शन करते हुए मुमुक्षुओंको आश्चर्य होता है। वैराग्य-प्रेरक चित्रालयमें चित्रों भी अद्भुत हैं।

पर्वाधिराज पर्युषणमें अनेक मुमुक्षुगण अपनी निज हितकी साधना हेतु देवलालीमें अधिक संख्यामें आते हैं। हिन्दी, मराठी मुमुक्षु भाई अधिक संख्यामें लाभ लेते हैं। पर्युषण पर्वमें प्रत्येक प्रवृत्तिओंसे पूरा दिन आनंदमय आराधनापूर्वक व्यतीत हो जाता है। तथा शामको प्रतिदिन प्रतिक्रमण होता है। उसमें हिन्दी, मराठी मुमुक्षुओंको गुजराती प्रतिक्रमण पुस्तक तथा आलोचना-पाठ गुजराती भाषामें होनेसे समझमें

नहीं आता, अतः बहुतसे मुमुक्षुओंकी इच्छानुसार हिन्दी अक्षरोंमें छपानेका यह निर्णय किया गया है उसके हेतु आर्थिक सहयोग शीघ्र प्राप्त हुआ। अतः पुस्तक छपानेका शीघ्र निर्णय लिया गया।

इस पुस्तकमें प्रतिक्रमण, आलोचना पाठ, श्री आचार्य पद्मनंदि-विरचित तथा श्री अमितगति आचार्यदेव कृत सामायिक पाठ हिन्दी अक्षरोंमें लिया गया है।

देवलालीमें श्री जैन मुमुक्षु महिला मंडलकी दिनप्रतिदिन धार्मिक प्रवृत्तिओंमें वृद्धिगत हो रही है और मुमुक्षु महिलाओंने उत्साहपूर्वक जिनवाणीकी प्रवृत्तिको सचेत किया है। जिनवाणीका प्रकाशन प्रत्येक पर्युषणमें होता है। इस वर्ष श्री प्रतिक्रमण आलोचना-पाठका हिन्दी पुस्तक प्रकाशन करते हुए आनंदका अनुभव करते हैं।

इस अनादि मिथ्यात्व परिणामका प्रायश्चित्त, प्रत्याख्यान, प्रतिक्रमण, आलोचना करके स्व-स्वरूपमें स्थिर हो—यही भावना है।

श्री जैन मुमुक्षु महिला मंडल—देवलाली
अंतर्गत
पूज्य श्री कानजीस्वामी स्मारक ट्रस्ट, देवलाली

॥ श्री जिनाय नमः ॥

★ श्री गौतम स्वामी विरचित ★

दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमण

श्लोक— जीवे प्रमादजनिताः प्रचुरा प्रदोषाः,
यस्मात् प्रतिक्रमणतः प्रलयं प्रयान्ति ।
तस्मात्तदर्थममलं, मुनिबोधनार्थं,
वक्ष्ये विचित्रभवकर्म विशोधनार्थम् ॥१॥

अर्थ :—प्रतिक्रमण की आवश्यकता को बतलाते हुए, मुनियों के लिए भी उसके स्पष्टीकरण की प्रतिज्ञा करते हुए, पूज्य आचार्य कहते है कि जीव में प्रमाद से जनित अनेक दोष पाये जाते है। वे प्रतिक्रमण करने से प्रलय (नाश) को प्राप्त होते है, इसलिए नाना भवों में संचित हुए कर्मरूप दोषों की विशुद्धि के निमित्त मुनियों के समझने के लिए प्रतिक्रमण का निर्मल अर्थ करता हूं॥१॥

आशा है मुनिगण इसे अवश्य ध्यान से पढ़ेंगे तथा इस आवश्यक क्रिया का नियमित रूप से पालन करेंगे।

श्लोक— पापिष्ठेन दुरात्मना जड़धिया, मायाविना लोभिना,
रागद्वेष मलीमसेन मनसा दुष्कर्म यन्निर्मितम् ।
त्रैलोक्याधिपते जिनेन्द्र भवतः, श्रीपादमूलेऽधुना,
निन्दापूर्वमहं जहामि सततं, वर्वर्तिषुः सत्पथे ॥२॥

अर्थ :—हे तीन लोक के अधिपति जिनेन्द्रदेव! अत्यन्त पापी, दुरात्मा, जड़बुद्धि, मायावी, लोभी और राग द्वेष से मलीन मेरे मन ने जो दुष्कर्म उपार्जन किया है उसका निरन्तर सन्मार्ग में चलने

की इच्छा रखता हुआ आज मै आपके चरण कमलों में अपनी निन्दा पूर्वक त्याग करता हूं॥२॥

गाथा— खम्मामि सव्वजीवाणं; सव्वे जीवा खमंतु मे ।
मित्ती मे सव्वभूदेसु, वैरं मज्झ ण केणवि ॥३॥

अर्थ :—मै सब जीवो से क्षमा याचना करता हूं, सब मुझे क्षमा प्रदान करें मेरा सब जीवों में मैत्रीभाव है, किसी के भी साथ मेरा बैर-भाव नहीं है॥३॥

गाथा— रागबंध पदोसंच, हरिसं दीणभावयं।
उस्सुगत्तं भयं सोगं, रदिमरदिं-च वोरस्सरे॥४॥

अर्थ :—१. राग, २. द्वेष, ३. हर्ष, ४. दीनभाव, ५. उत्सुकता, ६. भय, ७. शोक, ८. रति (प्रीति) और ९. अरति (अप्रीति) इन सब आकुलता को उत्पन्न करने वाले भावों का, मै परित्याग करता हूं॥४॥

गाथा— हा दुट्ठु कयं, हा ! दुट्ठु चिंतियं, भासियं च हा दुट्ठं।
अंतो अंतो डज्झमि, पच्छुत्तावेणं वेदंतो॥५॥

अर्थ :—हा ! १. यदि मैने कार्य से कोई दुष्ट कार्य किया हो। हा ! २. यदि मन से कोई दुष्ट चिन्तन किया हो, और हा ! ३. यदि मैने मुख से कोई दुष्ट वचन बोला हो, उसको मै बुरा समझता हुआ, पश्चात्ताप पूर्वक मन ही मन में जल रहा हूं अर्थात् उन दुर्भावनाओं का त्याग करता हूं॥५॥

गाथा— दुव्वे खेत्ते काले; भावे च कदावराह सोहणयं णिंदण,
गरहण जुत्तो, मण, वच कायेण पडिक्कमणं॥६॥

अर्थ :—१. द्रव्य--आहार, शरीर आदि, २. क्षेत्र--वसतिका, शयन, मार्गादि, ३. काल--पूर्वाण्ह (प्रातःकाल) मध्यान्ह (दोपहर) अपराण्ह (सांयकाल) दिवस, रात्रि, पक्ष (१५ दिन) मास (३० दिन) चातुर्मास (४ महिने) संवत्सर (१ वर्ष) अतीत (भूतकाल) अनागत (भविष्यत् आने वाला काल) वर्तमान (मौजूद रहने वाला) ४. भाव--संकल्प और विकल्प खोटे चित्त व्यापार से किये गये अपराधों की निन्दा, तथा गर्हा से युक्त होकर शुद्ध मन, वचन और काय से शोधन करना प्रतिक्रमण है॥ ६॥

विशेष–निंदा और गर्हा--यद्यपि दोनों शब्द एकार्थ सरीखे दिखते है फिर भी इनमें निम्नलिखित अंतर है-- (क) जो अपने आत्मा की साक्षीपूर्वक किये हुए पापों को बुरा समझना उसे निंदा कहते है, किन्तु जो (ख) गुरू आदि की साक्षी पूर्वक किये हुए पापों की निंदा करना सो गर्हा कहलाती है।

गद्य–एइंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चतुरिंदिया, पंचिंदिया, पुढविकाइया, आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया, वणप्फदिकाइया, तसकाइया, एदेसिं उद्दावणं, परिदावणं विराहणं, उवघादो कदो वा, कारिदो वा, कीरंतो वा समणुमण्णिदो, तस्स मिच्छा मे दुक्कडं॥७॥

अर्थ :—१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय, ३. त्रीन्द्रिय, ४. चतुरिन्द्रिय, ५. पंचेन्द्रिय, ६. पृथ्वीकायिक, ७. अप्कायिक (जल कायिक) ८. तेजस्कायिक, (अग्निकायिक), ९. वायुकायिक, १०. वनस्पति-कायिक, और त्रसकायिक, इन सब इन्द्रिय और कायिक जीवों का १. उत्तापन, २. परितापन, ३. विराधन और ४. उपघात मैने स्वयं किया हो, औरों से कराया हो, और स्वयं करते हुए दूसरों की अनुमोदना की हो, वे सब पाप मेरे मिथ्या हों।

विशेष :—यद्यपि ये चारों ही शब्द प्रायः एकार्थ वाचन है फिर भी इनका भेद समझने के लिए नीचे विशेषार्थ दिया है। १. पृथ्वीकायिकादि जीवों का उत्तापन अर्थात् प्राणों का वियोग रूप मारण। २. परितापन पृथ्वीकायिकादि जीवों को संताप पहुंचाना, ३. विराधन--पृथ्वीकायिकादि जीवों को पीड़ा पहुंचाना और अनेक प्रकार से दुःखी करना, ४. उपघात--एक देश से अथवा संपूर्ण रूप से पृथ्वीकायिकादि जीवों को प्राणों से रहित करना ॥७॥

आलोचना

गद्य–इच्छामि भंते! चरित्तायारो तेरसविहो, परिविहाविदो, पंचमहव्वदाणि, पंचसमिदीओ, तिगुत्तीओ चेदि। तत्थ पढमे महव्वदे पाणादिवादादो वेरमणं, से पुढविकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, आउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, तेउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा वाउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, वणप्फदिकाइया जीवा अणन्ताणंता हरिया, वीआ, अंकुरा। छिण्णा भिण्णां एदेसिं उद्दावणं परिदावणं, विराहणं, उवघादो कदो वा, कारिदो वा, कीरंतो वा समणुमण्णिदो, तस्स मिच्छा मे दुक्कडं॥१॥

अर्थ :—हे भगवन् ! पांच महाव्रत, पांच समिति और तीन गुप्ति इस प्रकार तेरह प्रकार का चारित्र है उसका मैंने प्रमाद वश परिहापन (खंडन) किया हो, उसकी आलोचना-विशुद्धि करना चाहता हूं। उस तेरह प्रकार के चारित्र मे पहला महाव्रत प्राणों के व्यतिपात से रहित है। उसमें मैने असंख्यातासंख्यात पृथ्वीकायिक जीव, असंख्याता-संख्यात अप्कायिक जीव, असंख्यातासंख्यात तेजस्कायिक जीव, असंख्यातासंख्यात वायुकायिक जीव, अनंतानंत वनस्पतिकायिक जीव तथा हरित (सचित्त) बीज, अंकुर, छेदे भेदे, उनका उत्तापन,

परितापन विराधन और उपघात किया है, कराया है और करने वाले की अनुमोदना की है, वह मेरा दुष्कृत मिथ्या होवे ॥१॥

गद्य--बेइंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, कुक्खि किमि संख खुल्लुय, वराऽय, अक्खरिट्ठय-गण्डवाल संबुक्क-सिप्पि, पुलविकाइया एदेसिं उद्दावणं, परिदावणं, विराहणं, उवघादो कदो वा, कारिदो वा, कीरंतो वा, समणुमण्णिदो, तस्स मिच्छा मे दुक्कडं ॥२॥

अर्थ :—स्पर्शन और रसना ये जिनके दो इन्द्रियां होती है ऐसे दो इन्द्रिय जीव असंख्याता- संख्यात प्रमाण है उनमें से कुक्षि, कृमि (लट) घावों में पेदा होने वाले जीवों का भी ग्रहण किया गया है तथा शंख क्षुल्लक (बाला) वराटक (कौड़ी) अक्ष, अरिष्टबाल (बाल जातिका ही जन्तु विशेष) संबूक (लघुशंख) सीप, पुलवीक (पानी की जोंक) आदि अन्य भी दो इन्द्रिय जीव बहुत से है उनका उत्तापन, परितापन, विराधना और उपघात मैने किया हो, कराया हो और करने वाले की अनुमोदना की हो, वह मेरा दुष्कृत मिथ्या होवे ॥२॥

गद्य--तेइंदिया जीवा-असंखेज्जासंखेज्जा, कुन्थुदेहिय विंच्छिय गोभिंद-गोजुव-मक्कुण, पिपीलियाइया, एदेसिं उद्दावणं, परिदावणं, विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा, कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं ॥३॥

अर्थ :—स्पर्शन, रसना, और घ्राण ये जिनके तीन इंद्रियाँ होती है ऐसे तीन इंद्रिय जीव असंख्यातासंख्यात संख्या प्रमाण है उनमें से कुन्थु (सूक्ष्म जंतु) देहिक (उद्देवल) गोभिंद, गोजों, मल्कुण (खटमल) पिपीलिका (कीड़ी) सावण की डोकरी आदि अन्य भी तीन इंद्रिय जीव बहुत से है उनका उत्तापन, परितापन, विराधना और उपघात मैने किया हो, कराया हो और करने वाले

की अनुमोदना की हो, वह मेरा दुष्कृत मिथ्या हो ॥३॥

गद्य--चउरिंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, दंसमसय, मक्खि, पयंग-कीड-भमर-महुयर-गोमिच्छि-याइया, एदेसिं उद्दावणं परिदावणं, विराहणं, उवघादो कदो वा, कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो, तस्स मिच्छा मे दुक्कडं ॥४॥

अर्थ :—स्पर्शन, रसना, घ्राण चक्षु ये चार इंद्रियां होती है ऐसे चार इंद्रिय जीव असंख्याता- संख्यात संख्या प्रमाण है उनमें से दश (डांस) मशक (मच्छर) मक्खि (मक्खी) पयंग (पतंगा) कीट (गोमय कीट, रक्तकीट, अर्ककीटादि) भ्रमर (भौरा) महुयर (मधुमक्खी) गोमक्षिका इत्यादि असंख्याता- संख्यात संख्या प्रमाण जो चौ इन्द्री जीव है इनका उत्तापन, परितापन विराधना और उपघात मैने किया हो, कराया हो और करने वाले की अनुमोदना की हो, वह मेरा दुष्कृत मिथ्या होवे ॥ ४ ॥

लघु सिद्धभक्ति

तवसिद्धे णयसिद्धे, संजमसिद्धे चरित्त सिद्धे य।
णाणम्मि दंसणम्मि य, सिद्धे सिरसा णमंसामि ॥२॥

अर्थ :—तप से सिद्ध, नय से सिद्ध, संयम से सिद्ध, चरित्र से सिद्ध, ज्ञान से सिद्ध और दर्शन में सिद्ध हुए ऐसे सब सिद्धों को मैं सिर झुकाकर नमस्कार करता हूं ॥२॥

गद्य–(अंचलिका)-इच्छामि भंते! सिद्धभक्ति काउस्सग्गो कओ, तस्सालोचेउं सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचारित्त जुत्ताणं, अट्ठविह-कम्म-विप्प मुक्काणं, अट्ठगुणसंपण्णाणं, उड्ढलोयमत्थयम्मि पयट्ठियाणं, तवसिद्धाणं णयसिद्धाणं, संजमसिद्धाणं, चरित्तसिद्धाणं, अतीताणागदवट्टमाणकालत्तय-

सिद्धाणं, सव्वसिद्धाणं, णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वन्दामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो सुगइगमणं, समाहि मरणं, जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं।।

अर्थ :—हे भगवन्! मैने सिद्ध भक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया, उसकी आलोचना करने की इच्छा करता हूं। जो सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र से युक्त है, आठ प्रकार के कर्मों से मुक्त है, आठ गुणों से सम्पन्न है, ऊर्ध्वलोक के मस्तक पर प्रतिष्ठित है, तप सिद्ध है, नयसिद्ध है, संयमसिद्ध है, चारित्र सिद्ध है, सम्यग्ज्ञान सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र से सिद्ध है, अतीत, अनागत और वर्तमान इन तीनों कालों में सिद्ध है ऐसे सब सिद्धों की नित्यकाल अर्चा करता हूं पूजा करता हूं, वंदना करता हूं, नमस्कार करता हूं। मेरे दुःखो का क्षय हो, कर्मों का क्षय हों, बोधि रत्नत्रय का लाभ हो, सुगति में गमन हो, समाधि मरण हो और जिनेन्द्र के गुणों की सम्यक् प्राप्ति हो।

कृति अनुयोग द्वारा (वाचना शुद्धि प्ररूपणा)

धवला पुस्तक-९

यमपटहरवश्रवणे रुधिरस्त्रावेऽगतोऽतिचारे च।
दातृष्वशुद्धकायेषु भुक्तवति चापि नाध्येयम्।।९२।।

तिलपलल-पृथुक-लाजा-पूपादिस्निग्धसुरभिगधेषु।
भक्तेषु भोजनेषु च दावाग्निधूमे च नाध्ययम्।।९३।।

योजनमण्डलमात्रे सन्यासविधौ महोपवासे च।
आवश्यकक्रियायां केशेषु च लुच्यमानेषु।।९४।।

सप्तदिनान्यव्ययनं प्रतिषिद्धं स्वर्गगते श्रमणसूरौ।
योजनमात्रे दिवसत्रितयं त्वतिदूरतो दिवसम् ॥९५॥

प्राणिनि च तीव्रदुःखान्म्रियमाणे स्फुरति चातिवेदनया।
एकनिवर्तनमात्रे तिर्यक्षु चरत्सु च न पाठ्यम् ॥९६॥

तावन्मात्रे स्थावरकायक्षयकर्मणि प्रवृत्ते च।
क्षेत्राशुद्धो दूरादू दुर्गंधे वातिकुणपे वा ॥९७॥

विगतार्थागमने वा स्वशरीरे शुद्धिवृत्तिविरहे वा।
नाध्येयः सिद्धान्तः शिवसुखफलमिच्छता व्रतिना ॥९८॥

प्रमितिररत्निशतं स्यादुच्चारविमोक्षणक्षितेरारात्।
तनुसलिलमोक्षणेऽपि च पंचाशदरत्निरेवातः ॥९९॥

मानुषशरीरलेशावयस्याप्यत्र दण्डपंचाशत्।
संशोध्या तिरश्चां तदर्द्धमात्रैव भूमिः स्यात् ॥१००॥

व्यन्तरभेरीताडन-तत्पूजासंकटे कर्षणे वा।
संमृक्षण-समार्ज्जनसमीपचाण्डालबालेषु ॥१०१॥

अग्निजलरुधिरदीपे मांसास्थिप्रजनने तु जीवानां।
क्षेत्रविशुद्धिर्न स्याद्यथोदितं सर्वभावज्ञैः ॥१०२॥

क्षेत्रं संशोध्य पुनः स्वहस्तपदौ विशोध्य शुद्धमनाः।
प्राशुकदेशावस्थो गृण्हीयादू वाचनां पश्चात् ॥१०३॥

युक्त्या समधीयानो वक्षणकक्षाद्यमस्पृशन् स्वाङ्गम्।
यत्नेनाधीत्य पुनर्यथाश्रुतं वाचनां मुंचेत् ॥१०४॥

तपसि द्वादशसंख्यं स्वाध्यायः श्रेष्ठ उच्यते सद्भिः।
अस्वाध्यायदिनानि ज्ञेयानि ततोऽत्र विद्वद्भिः ॥१०५॥

पर्वसु नन्दीश्वरवरमहिमा दिवसेषु चोपरागेषु।
सूर्याचन्द्रमसोरपि नाध्येयं जानता व्रतिना ॥१०६॥

अष्टम्यामध्ययनं गुरु-शिष्यद्वय वियोगमावहति।
कलहं तु पौर्णमास्यां करोति विघ्न चतुर्दश्याम् ॥१०७॥

कृष्णचतुर्दश्यां यद्यधीयते साधवो ह्यमावस्यायाम्।
विद्योपवार्सावधयो विनाशवृत्तिं प्रयान्त्यशेष सर्वे ॥१०८॥

मध्यान्हे जिनरूपं नाशयति करोति संध्ययोर्व्याधिम्।
तुष्यन्तोऽप्यप्रियतां मध्यमरात्रौ समुपयान्ति ॥१०९॥

अतितीव्रदुःखितानां रुदतां संदर्शने समीपे च।
स्तनयित्नुविद्युदभ्रेष्वतिवृष्ट्या उल्कनिर्घाते ॥११०॥

प्रतिपद्येकः पादो ज्येष्ठामूलस्य पौर्णमास्यां तुं।
सा वाचनाविमोक्षे छाया पूर्वाण्हवेलायाम् ॥१११॥

सैवापराण्हकाले वेला स्याद्वाचनाविधौ विहिता।
सप्तपदी पूर्वाण्हापराण्हयोर्ग्रहण-मोक्षेषु ॥११२॥

ज्येष्ठामूलात्परतोऽप्यापौषाद्वयंगुला हि वृद्धिः स्यात्।
मासे मासे विहिता क्रमेण सा वाचनाछाया ॥११३॥

एवं क्रमप्रवृद्धया पादद्वयमत्र हीयते पश्चात्।
पौषादाज्येष्ठान्ताद् द्वयंगुलमेवेति विज्ञेयम् ॥११४॥

दव्वादिवदिक्कमणं करेदि सुत्तत्थसिक्खलोहेण।
असमाहिमसज्झायं कलहं वाहिं वियोगं च१ ॥११५॥

विणएण सुदमधीदं किह वि पमादेण होइ विस्सरिदं।
तमुवट्ठादि परभवे केवलणाणं च आवहदि२ ॥११६॥

इदि वयणादो तित्थयरवयणविणिग्गयबीजपदं सुत्तं। तेण सुत्तेण समं वट्टदि उप्पज्जदि त्ति गणहरदेवम्मि ट्ठिदसुदणाणं सुत्तसमं। अर्यते परिच्छिद्यते गम्यते इत्यर्थो द्वादशांगविषयः, तेण अत्थेण समं सह वट्टदि त्ति अत्थसमं। दव्वसुदाइरिए अणवेक्खिय संजमजणिदसुद-णाणावरणक्खओवसमसमुप्पण्ण-बारहंसुगदं सयंबुद्धाधारमत्थसममिदि।

यमपटहका शब्द सुननेपर, अंगसे रक्तस्त्रावके होनेपर, अतिचारके होनेपर, तथा दाताओंके अशुद्धकाय होते हुए भोजन कर लेनेपर स्वाध्याय नहीं करना चाहिये॥९२॥

तिलमोदक, चिउडा, लाई और पुआ आदि चिक्कण एवं सुगन्धित भोजनोंके खानेपर तथा दावानलका धुआं होनेपर अध्ययन नहीं करना चाहिये॥९३॥

एक योजनके घेरेमें सन्यासविधि, महोपवासविधि, आवश्यकक्रिया एवं केशोंका लोंच होनेपर तथा आचार्योंका स्वर्गवास होनेपर सात दिन तक अध्ययनका प्रतिषेध है। उक्त घटनाओंके योजन मात्रमें होनेपर तीन दिन तक तथा अत्यन्त दूर होनेपर एक दिन तक अध्ययन निषिद्ध है॥९४–९५॥

प्राणीके तीव्र दुःखसे मरणासन्न होनेपर या अत्यन्त वेदनासे तडफडानेपर तथा एक निवर्तन (एक वीधा या गुंठा) मात्रमें तिर्यंचोंका संचार होनेपर अध्ययन नहीं करना चाहिये॥९९॥

उतने मात्रमें स्थावरकाय जीवोंके घात रूप कार्यमें प्रवृत्त होनेपर, क्षेत्रकी अशुद्धि होनेपर, दूरसे दुर्गन्ध आनेंपर अथवा अत्यन्त सडी गन्धके आनेपर, ठीक अर्थ समझमें न आने पर अथवा अपने शरीरके शुद्धिसे रहित होनेपर मोक्षसुखके चाहनेवाले व्रती पुरुषको सिद्धान्तका अध्ययन नहीं करना चाहिये॥९७–९८॥

मल छोडनेकी भूमिसे सौ अरत्नि प्रमाण दूर, तनुसलिल अर्थात् मूत्रके छोबनेमें भी इस भूमिसे पचास अरत्नि दूर, मनुष्यशरीरके लेशमात्र अवयवके स्थानसे पचास धनुष, तथा तिर्यंचोंके शरीरसम्बन्धी अवयवके स्थानसे उससे आधी मात्र अर्थात् पच्चीस धनुष प्रमाण भूमिको शुद्ध करना चाहिये ॥९९–१००॥

व्यन्तरोंके द्वारा भेरीताडन करनेपर, उनकी पूजाका संकट होनेपर, कर्षणके होनेपर, चाण्डालबालकोंके समीपमें झाडा-बुहारी करनेपर; अग्नि, जल व रुधिरकी तीव्रता होनेपर; तथा जीवोंके मांस व हड्डियोंके निकाले जानेपर क्षेत्रकी विशुद्धि नहीं होतीं जैसा कि सर्वज्ञोंने कहा है ॥१०१–१०२॥

क्षेत्रकी शुद्धि करनेके पश्चात् अपने हाथ और पैरोंको शुद्ध करने तदनन्तर विशुद्ध मन युक्त होता हुआ प्राशुक देशमें स्थित होकर वाचनाको ग्रहण करे ॥१०३॥

बाजू और कांख आदि अपने अंगका स्पर्श न करता हुआ उचित रीतिसे अध्ययन करे और यत्नपूर्वक अध्ययन करके पश्चात् शास्त्रविधिसे वाचनाको छोड दे ॥१०४॥

साधु पुरुषोंने बारह प्रकारके तपमें स्वाध्यायको श्रेष्ठ कहा है। इसीलिये विद्वानोंको स्वाध्याय न करनेके दिनोंको जानना चाहिये ॥१०५॥

पर्वदिनों (अष्टमी व चतुर्दशी आदि), नन्दीश्वरके श्रेष्ठ महिमा-दिवसों अर्थात् अष्टान्हिक दिनोंमें और सूर्य-चन्द्रका ग्रहण होनेपर विद्वान व्रतीको अध्ययन नहीं करना चाहिये ॥१०६॥

अष्टमीमें अध्ययन गुरु और शिष्य दोनोंके वियोगको करता है। पूर्णमासीके दिन किया गया अध्ययन कलह और कृष्ण चतुर्दशी और

अमावस्याके दिन किया गया अध्ययन विघ्नको करता है ॥१०७॥

यदि साधु जन कृष्ण चतुर्दशी और अमावस्याके दिन अध्ययन करते हैं तो विद्या और उपवासविधि सब विनाशवृत्तिको प्राप्त होते हैं ॥१०८॥

मध्यान्ह कालमें किया गया अध्ययन जिनरूपको नष्ट करता है, दोनों संध्याकालोमें किया गया अध्ययन ब्याधिको करता है, तथा मध्यम रात्रिमें किये गये अध्ययनसे अनुरक्त जन भी द्वेषको प्राप्त होते हैं ॥१०९॥

अतिशय तीव्र दुखसे युक्त और रोते हुए प्राणियोंको देखने या समीपमें होनेंपर मेधोंकी गर्जना व बिजलीके चमकनेपर और अतिवृष्टिके साथ उल्कापात होनेपर (अध्ययन नहीं करना चाहिये) ॥११०॥

जेठ मासकी प्रतिपदा एवं पूर्णमासीको पूर्वाण्ह कालमें वाचनाकी समाप्तिमें एक पाद अर्थात् एक वितस्ति प्रमाण (जांघोंकी) वह छाया कही गई हैं। अर्थात् इस समय पूर्वाण्ह कालमें बारह अंगुल प्रमाण छायाके रह जानेपर अध्ययन समाप्त कर देना चाहिये ॥१११॥

वही समय (एक पाद) अपराण्हकालमें वाचनाकी विधिमें अर्थात् प्रारम्भ करनेमें कहा गया है। पूर्वाण्हकालमें वाचनाका प्रारम्भ करने और अपराण्हकालमें उसके छोडनेमें सात पाद (वितस्ति) प्रमाण छाया कही गई है (अर्थात् प्रातः काल जब सात पाद छाया हो जावे तब अध्ययन प्रारम्भ करे और अपराण्हमें सात पाद छाया रहजानेपर समाप्त करे) ॥११२॥

ज्येष्ठ मासके आगे पौष मास तक प्रत्येक मासमें दो अंगुल

प्रमाण वृद्धि होती है। यह क्रमसे वाचना समाप्त करनेकी छायाका प्रमाण कहा गया है॥११३॥

इस प्रकार क्रमसे वृद्धि होनेपर पौष मास तक दो पाद हो जाते हैं। पश्चात् पौष माससे ज्येष्ठ मास तक दो अंगुल ही क्रमशः कम होते जाते हैं, ऐसा जानना चाहिये॥११४॥

सूत्र और अर्थकी शिक्षाके लोभसे किया गया द्रव्यादिकका अतिक्रमण असमाधि अर्थात् सम्यकत्वादिकी विराधना, अस्वाध्याय अर्थात् शास्त्रादिकोंका अलाभ, कलह, व्याधि और वियोगको करता है॥११५॥

विनयसे पढा गया श्रुत यदि किसी प्रकार भी प्रमादसे विस्मृत हो जाता है तो परभवमें वह उपस्थित हो जाता है और केवलज्ञानको भी प्राप्त कराता है॥११६॥

"सामायिक" का स्वरूप, लाभ एवं उसके भेद

सम्-राग-द्वेष रहित, आय-उपयोग की प्रवृति। राग-द्वेष की परिणति का अभाव करके साम्यभावरूप परिणति को प्राप्त करना 'सामायिक' है। सम्-राग-द्वेष की निवृति, आय-प्रशमादिरूप ज्ञान का लाभ। राग-द्वेष में माध्यस्थ भाव रखना 'सामायिक' है। मोह-क्षोभ रहित आत्मा का परिणाम ही 'सामायिक' है। सम्यकत्व, ज्ञान, संयम और तप इन चार प्रकार की अवस्था को 'सामायिक' कहते हैं। अपने स्वरूप की साधना में भूल न हो जाय उसके लिए शरीर की शुद्धि के साथ शुद्ध कपड़े पहिन कर एकान्त में स्थिरता पूर्वक अपने शुद्ध स्वरूप का विचार करना ही 'सामायिक' है।

'सामायिक' क्यों करना चाहिये :—

आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान रूप संसार प्रवृत्ति की निवृत्ति और धर्मध्यान रूप प्रवृत्ति में सर्व जीवों के प्रति वैर विरोध को त्यागकर संयम तप और त्याग भावना के भावरूप उदासीनता को प्राप्त कर समताभाव की सिद्धि के लिए सामायिक करने में आवे तो वह वीतरागता की प्राप्ति का कारण है।

'सामायिक' आत्म कल्याण के हेतु करने में आती है। जितने-जितने अंशो में विषय कषाय घट जावे और परिणामों में वीतरागता व शान्ति बढ़ती जावे, उतने-उतने अंशो में धर्मस्थान की प्राप्ति के लिए मुमुक्षुओं का समायिकादि षट् आवश्यक करना परम कर्तव्य है।

'सामायिक' करने से लाभ :—

'सामायिक' करने वाले मुमुक्षु के सब प्रकार के पापास्रव

रुककर सातिशय पुण्य का बन्ध होता है। भावपूर्वक सामायिक करने से सुख और शान्ति की प्राप्ति होती है। आत्मतत्व की प्राप्ति का मूल कारण 'सामायिक' ही है। एकाग्रतारूप साम्यता से ही जीव को निष्कर्मरूप अवस्था प्राप्त होती है।

अभव्य जीव को भी 'द्रव्य-सामायिक' के प्रभाव से नौवे ग्रैवेयक के अहमिंद्र पद की प्राप्ति हो जाती है, तो फिर 'भाव-सामायिक' से केवलज्ञान क्यों नही प्राप्त होगा? अवश्य होगा।

'सामायिक' करने से पंचेन्द्रिय-विषय एवं अंतरंग कषाय का नाश होता है और पदार्थ के प्रति ममता छूट जाती है। छह काय के जीवों के प्रति समता प्रकट होती है।

'सामायिक' का प्रारम्भिक अभ्यासी श्रावक शुभोपयोग से सातिशय पुण्य बाँध कर अभ्युदय युक्त सर्व सुख भोग कर मनुष्य भव की प्राप्ति करता है; और फिर निर्ग्रन्थ-मुनि होकर शुद्धोपयोग को प्राप्त करके संवर पूर्वक समस्त कर्मों की निर्जरा करते हुए मोक्षपद की प्राप्ति कर लेता है।

'सामायिक करने का स्थान :—

जिस स्थान में, चित्त में विक्षेप करने के कारण न हों, जहाँ अनेक लोगों के वाद-विवादिक का कोलाहल न हो, अधिक असंयमी जीवों का आवागमन न हो, स्त्रियों का, नपुंसकों का, विशेष आना जाना न हो, गीत, नृत्य वाद्य यंत्रों आदि का प्रचार समीप में न हो, तिर्यन्चों एवं पक्षियों का संचार न हो, जहाँ बहुत शीत तथा उष्णता की, प्रचण्ड पवन की, वर्षा की बाधा न हो, डाँस, मच्छर, मक्खी, सर्प, बिच्छु इत्यादिक जीवों के द्वारा कोई बाधा न हो, ऐसे विक्षेप रहित एकान्त स्थान हो, वन हो या जीर्ण बाग का मकान

हो, गृह हो, चैत्यालय हो या धर्मात्मा पुरुषों का प्रोषद्योपवास करने का स्थान हो, ऐसे एकान्त विक्षेप रहित स्थान में प्रसन्नचित होकर, समस्त मन के विकल्पों को छोड़कर 'सामायिक' करनी चाहिये।

(रत्नकरण्ड श्रावकाचार श्लोक ११ के आधार से)

'सामायिक' प्रारम्भ करने की विधि :—

"सामायिक" प्रारम्भ करने से पहिले अपनी इन्द्रियों के विषय-व्यापार से विरक्त होकर अपने केश-वस्त्रादि को यथाविधि बाँध लेना चाहिए, जिससे के सामायिक करते समय क्षोभ न हो। सामायिक के काल में खान, पान, व्यापार, रोजगार, लेन-देन विकथा, आरम्भ, समारंभ विसंवादादि समस्त पाप क्रियाओं को मन-वचन-काय-कृत-कारित अनुमोदना से त्याग कर एवं मर्यादा के बाहर क्षेत्र में नियत समय तक हिंसादि पांच पापों को सर्वथा त्याग कर राग-द्वेष रहित सकल जीवों पर समता भाव धारण कर; आर्त्त, रौद्र ध्यान छोड़कर एक चिदानन्द स्वरूप शुद्धात्मा का ध्यान करने की प्रतिज्ञा करनी चाहिए।

"अहं समस्त सावद्ययोगाद्विरतोस्मि"

"मैं समस्त सावद्ययोग का त्याग करता हूँ।" ऐसे कहकर पूर्व या उत्तर दिशा में मुंह करके दोनों हाथों को सीधा लट्का कर दोनों पावों के बीच में चार अंगुल की जगह रखकर नासादृष्टि लगाकर कायोत्सर्ग पूर्वक आसन पर खड़ा होकर अरहन्त सिद्ध भगवान की साक्षी से दो घड़ी ४८ मिनिट तक "सामायिक" करने की आज्ञा लेकर प्रतिज्ञा करनी चाहिये।

मेरी सामायिक काल की मर्यादा पूर्ण न हो जाय, तब तक मैं दूसरे स्थान का एवं परिग्रह का त्याग करता हूँ, पुनश्च अपनी

देह पर रहे हुए परिग्रह एवं शरीर के प्रति ममता का त्याग करने के अभ्यास पूर्वक नौ बार 'णमोकार मन्त्र' का जाप्य मन में बोलकर, ३ आवर्त्त ए एक शिरोनति करनी चाहिये। इसी प्रकार चारों दिशाओं में से प्रत्येक में नौ बार णमोकार मंत्र का जाप्य, ३ आवर्त्त व एक शिरोनति करनी चाहिये। (दोनों हाथ जोड़कर बाई ओर से दाहिनी ओर ले जाते हुए घुमाना आवर्त्त है और मस्तक झुकाना शिरोनति है) प्रत्येक दिशा में पंच परमेष्ठी हैं, उस दिशा में विद्यमान तीन लोक के कृत्रिम-अकृत्रिम जिन चैत्यालयों को नमस्कार करें। बाद में जिस दिशा से आज्ञा ली है, उस दिशा में अष्टांग नमस्कार करके तीन बार नमोऽस्तु, नमोऽस्तु, नमोऽस्तु, बोलकर आसन लगाना चाहिए और फिर सामायिक पूर्ण होने तक उस आसन को नही बदलना चाहिए। किसी प्रकार की विघ्न-बाधा आने पर भी अपने आसन को नहीं छोड़ना चाहिए।

आसन लगाने की विधि :—

(१) **खड़गासन**–अपने दोनों पैरों को चार अंगुल के फासले से रखकर दोनों हाथ को सीधा लटका कर सीधा खड़ा होने को "खड़गासन" कहते हैं।

(२) **पद्मासन**–दाहिनी जांघ पर बांये पैर, बाँई जांघ पर दाहिने पैर को रखकर गोद में बायें हाथ की हथेली को नीचे रखकर दाहिने हाथ की हथेली को ऊपर रख कर सीधा बैठने को "पद्मासन" कहते हैं।

(३) **अर्द्धपद्मासन**–बायें पैर की जांघ के ऊपर दाहिना पैर रखकर पद्मासन की भाँति हाथों की हथेलियों को रखकर सीधा बैठने को "अर्द्धपद्मासन" कहते हैं।

"सामायिक" करते समय पूर्व दिशा में इन आसनों में से कोई

एक आसन लगाकर आँखों को आधी खुली रखकर सौम्य नासादृष्टि से उपयोग को (तत्वों के ज्ञेयों की) तत्वदृष्टि (षट् द्रव्य व उनकी गुणपर्यायों) पर लगाना चाहिये। (सामायिक काल में मौन पूर्वक शान्त चित्त से प्रमाद छोड़कर उत्साह पूर्वक "सामायिक" करना चाहिये। मनोवृत्ति की शुद्धि से चित्त शान्त होता है और उपयोग निश्चल दशा को प्राप्त होता है। शुद्धात्म स्वरूप में उपयोग की स्थिरता करना ही यथार्थ 'सामायिक' है।)

यदि सामायिक पाठ याद न हो तो इस पुस्तक में जिस क्रम से सामायिक के पाठ छपे हैं, उसके अनुसार शुद्ध उच्चारण करें। साथ में अपने दूसरे साथी हों तो उनके स्वर में स्वर मिलाकर पाठ करें, पाठ का भाव बराबर समझते रहना चाहिये।

सामायिक में णमोकार मंत्र, अ सि आ उ सा नमः अर्हत्सिद्धाचार्योंपाध्याय सर्वसाधुभ्यो नमः, अरिहंत सिद्ध, ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः, ॐ नमः सिद्धेभ्यः, मंत्र का १०८ बार जाप करें। जाप पूरे होने पर पूर्वोक्त लिखे अनुसार पुनः चारों दिशाओं में णमोकार मंत्र पूर्वक नमस्कार करें।

(सूत की जापमाला में १०८ दाने होते हैं। उनका रहस्य यह है कि गृहस्थ समरम्भ, समारम्भ, आरंभ ये तीन मन-वचन और काय से स्वयं करते हैं, कराते हैं जो क्रोध, मान, माया, लोभ के वश में होकर करते हैं, इसलिए इनके परस्पर गुणने से १०८ कर्मास्रव के भंग होते हैं। कोई भी पापकार्य उक्त प्रकार से होता रहता है जिससे अशुभ-कर्म बंधता हैं इसके रोकने का उपाय 'सामायिक' है।)

'सामायिक' पूर्ण करने की विधि :—

सामायिक काल में मन, वचन, काय की प्रवृत्ति में ३२ दोषों

में से कोई भी दोष जाने- अनजाने प्रमादवश हो गया हो तो अरहन्त भगवान से क्षमा माँगनी चाहिए।

सामायिक पाठ बोलने में मात्रा, बिन्दी, पद, अक्षर, गाथा सूत्र आदि का हीनाधिक, विपरीत, अशुद्ध-उच्चारण किया हो या और कोई दोष लग गया हो तो उनकी भगवान से क्षमा माँगनी चाहिये।

सामायिक काल में मन, वचन, काय से आत्मभावना में न ठहर कर उपयोग को अशुभ भावों में (मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग) असावधानी से लगाया हो या और किसी प्रकार का पाप दोष लगा हो तो भगवान से क्षमा माँगनी चाहिए।

सामायिक में अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार, अनाचार, जान से, अनजान से किसी प्रकार का पाप दोष प्रमादजन्य हो गया हो तो भगवान से क्षमा माँगनी चाहिए।

इस तरह क्रिया करने के बाद ९ बार 'णमोकार मन्त्र' का जाप्य करके "सामायिक" पूर्ण करनी चाहिए।

'सामायिक' के छः भेद :–

१. **नाम-सामायिक**–शुभ-अशुभ नाम को सुनकर राग-द्वेष नहीं करना, सो 'नाम-सामायिक' है।

२. **स्थापना-सामायिक**–कोई स्थापना प्रमाणादिक से सुन्दर है और प्रमाणादि से हीनाधिक होने से असुन्दर है। उनके प्रति राग-द्वेष का अभाव, सो 'स्थापना-सामायिक' है।

३. **द्रव्य-सामायिक**–सुवर्ण, चाँदी, रत्न, मोती इत्यादि एवं मिट्टी, काष्ठ, पाषाण, कण्टक, राख, भस्म, धूलि इत्यादिक में राग-द्वेष रहित सम देखना, सो 'द्रव्य-सामायिक' है।

४. **क्षेत्र-सामायिक**–महल, उपवनादिक रमणीक, शमशानादिक अरण्यक क्षेत्र में राग-द्वेष छोड़ना सो 'क्षेत्र-सामायिक' है।

५. **काल-सामायिक**–हिम, शिशिर, वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद ऋतु में और रात्रि, दिवस व शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष इत्यादिक काल में राग-द्वेष का वर्जन, सो काल-सामायिक है।

६. **भाव-सामायिक**–समस्त जीवों के दुःख न हो ऐसे मैत्रीभाव से तथा शुभ-अशुभ परिणामों के अभाव को 'भाव-सामायिक' कहते हैं।

वैर-त्याग चिन्तन :–

''सामायिक'' करने वाला समस्त जीवों में मैत्री धारण करता हुआ परम क्षमा को धारण करता है। कोई जीव मेरा वैरी नहीं है, अज्ञानवश उपार्जन किया मेरा कर्म ही वैरी है। मैंने स्वयं अज्ञान भाव से क्रोधी, मानी, लोभी होकर विपरीत परिणाम किये। जिस वस्तु-व्यक्ति से मेरा अभिमान पुष्ट नहीं हुआ उसको वैरी माना, किसी ने मेरी प्रशंसा-स्तुति नहीं की, उसी को वैरी समझा। मेरा आदर-सत्कार नहीं किया व उच्च-स्थान नहीं दिया उसको वैरी समझा। किसी ने मेरे दोषों को प्रगट किया उसको वैरी जाना-सो यह सब मेरी कषाय से, दुर्बुद्धि से अन्य जीवों में वैर-बुद्धि उपजी है, इसको छोड़कर क्षमा अंगीकार करता हूँ और अन्य समस्त जीव मेरा अज्ञान भाव जानकर मुझे क्षमा करें।

आत्म चिन्तन

समस्त दिन में प्रमाद के वश होकर तथा कषायों के वशीभूत होकर अथवा विषयों में रागी-द्वेषी होकर किन्हीं

एकेन्द्रियादिक जीवों का घात किया तथा अनर्थक प्रवर्तन किया व सदोष भोजन किया अथवा किसी जीव के प्राणों को पीड़ा पहुँचाई तथा कर्कश-कठोर मिथ्या वचन कहे अथवा किसी की विकथा की अथवा अपनी प्रशंसा करी अथवा अदत्त धन ग्रहण किया अथवा पर के धन में लालसा करी तथा पर की स्त्री में राग किया तथा धन परिग्रह आदि में लालसा करी, ये समस्त पाप खोटे किए - अब ऐसे पापरूप परिणाम से भगवान पंच परमगुरु, हमारी रक्षा करें। ये सब परिणाम मिथ्या हों। पंच परमेष्ठी के प्रसाद से हमारे पापरूप परिणाम न हों। ऐसे भावों की शुद्धता के लिए कायोत्सर्ग करके पंच नमस्कार पूर्वक नौ बार जाप करें।

'सामायिक' करने की विधि

शरीर से शुद्ध होकर शुद्ध वस्त्र पहनकर किसी मन्दिर आदि एकान्त स्थान में 'सामायिक' करना चाहिये। प्रत्येक दिशा में तीन आवर्त व एक शिरोनति करके नमस्कार पूर्वक अपने आसन पर बैठना चाहिये व सामायिक की प्रत्येक क्रिया को मनन पूर्वक करना चाहिये। मन को पवित्र रखना चाहिये, जब तक सामायिक पूर्ण न हो अपने आसन को नहीं छोड़ना चाहिये। छोटे बालकों को अपने पास नहीं बैठाना चाहिये।

'सामायिक' के बाद एक वहत् कायोत्सर्ग करना चाहिये जिसमें कम से कम २७ बार या १०८ बार णमोकार मन्त्र का जाप करना चाहिये। सामायिक के समय दृष्टि व मन पर कड़ा नियन्त्रण रखना चाहिये। अन्त में पूर्ववत् ही दिशा वंदन करना चाहिये।

'सामायिक' पाठ प्रारंभ

णमो अरिहंताण, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं।
चत्तारि मंगलं, अरहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं,
साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं।
चत्तारि लोगुत्तमा, अरहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा,
साहू लोगुत्तमा, केवलि पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा।
चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंते सरणं पव्वज्जामि,
सिद्धे सरणं पव्वज्जामि, साहूं सरणं पव्वज्जामि,
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

ॐ ह्रीं सर्व शान्ति कुरू कुरू स्वाहा।।

भावार्थ–अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, सर्व साधुओं को नमस्कार हो। संसार में अरहंत, सिद्ध साधु, केवलिप्रणीत, धर्म ये ही चार मंगल रूप हैं। ये ही चार उत्तम हैं, ये ही चार परम शरण हैं। ये सर्व प्रकार शांति करें।

(ईर्यापथ शुद्धि पाठ)

श्लोक– इर्या पथे प्रचलिताद्य मया प्रमादा,
देकेन्द्रिय प्रमुख जीवनिकाय बाधा।
निर्वर्तिता यदि भवेद युगान्तरेवा,
मिथ्यातदस्तु दुरितं गुरु भक्ति तो मे।।

भावार्थ–हे भगवन् ! मार्ग में चलते हुए मुझसे प्रमाद वश बिना देखे एकेंद्रियादिक जीव की हिंसा हुई हो तो, वह आपकी भक्ति से मिथ्या होवे।

(ईर्यापथ प्रतिक्रमण)

पडिक्कामामि भंते ईरियावहियाये विराणाये अणुगुत्ते अइग्गमणे णिग्गणे ठाणेगमणे चक्कमणे पाणुगमणे बीजुगमणे हरिदुग्गमणे उच्चार पस्सबण खेल सिंधाणय वियडी पयिट्ठवणाये जे जीवा एइन्दिया वा बेइन्दिया वा तेइंदिया वा चउरिंदिया वा पंचेंदिया वा णोल्लिदा वा पिल्लिदा वा संघादिदा वा ओद्दाविदा वा परिदाविदा वा किरिंछिदा वा लोस्सिदा वा छिंदिदा वा भिन्दिदा वा ठाणदो वा ठाण-चक्कमणदो वा तस्स उत्तर गुणं तस्स पायछित्तिकरणं तस्स विसोही करणं जावरहंताण भयवँताणं णमोकार करोमि।

भावार्थ—हे भगवन्! मेरे चलन में जीवों की हिंसा हुई हो तो उसके लिये मैं प्रतिक्रमण करता हूँ।

यथा मन--वच--काय को वश में न रखने, बहुत चलने, इधर उधर फिरने तथा द्विइंद्रियादि प्राणियों पर पैर रखकर चलने में मल, मूत्र, थूक, नाक--मल मिट्टी वगैरह डालने से एकेंद्रियादि पंचेन्द्रिय प्राणी अपने स्थान पर जाने से रोके गये हों, दूसरी जगह डाले गये हों, संघर्षित किये, कराये हों, दूसरे पर डाले गये हों, तपाये गये हों, काटे गये हों, मूर्छित किये गये हों, छेदे गये हों, और अपने स्थान से जाते हुये पृथक--पृथक किये गये हों, तो मैं उसका प्रायश्चित करता हूँ, दोषों की शुद्धि के लिये भगवान अरहंत को नमस्कार करता हूँ।

तावकायं पावकम्म दुच्चरियं बोस्सरामि।
कायोत्सर्ग करोम्यहं॥
(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिये)

*

(ईर्यापथ आलोचना)

इच्छामि भंते ईरिया वह मालोचेउ पुव्वुत्तर दक्खिण पच्छिम चउ दिसासु विदिसासु विहरमाणेण जुगुत्तर दिटिठणा दट्ठब्बा डव डव चरियाये पमाददोसेण पाणभूद जीव सत्ताणं एदेसिं उबघादो कदो वा कारिदो वा किरिंतो वा समणुमणिदो वा तस्स मिच्छामि दुक्कडं॥

भावार्थ—हे भगवन्! मैं इर्यापथ की आलोचना करता हूँ। पूर्वोत्तर दक्षिण पश्चिम चारों दिशा और ईशानादि विदिशाओं में इधर उधर फिरने और ऊपर की ओर दृष्टि कर चलने में मैंने प्रमादवश द्विन्द्रियादिक प्राणियों का घात किया हो कराया हो वा अनुमति दी हो वे पाप मिथ्या होवें।

(दिग्वंदना)

(तीन आवर्त व एकशिरोनति प्रति दिशा में करना चाहिये।)

(पूर्व की ओर मुख करके पढ़ें)

प्राग्दिग्विंगन्तरतः केवलि जिन सिद्ध साधु गणदेवाःये सर्वर्द्धिसमृद्धाःयोगीशास्तानहं वंदे।

भावार्थ—पूर्व दिशा विदिशा में अरहंत, सिद्ध, साधु, केवलि,

कृत्रिमाकृत्रिम, जिन चैत्य, चैत्यालय जहां--जहां हों उनको मेरा मन से, वचन से, काय से बारम्बार नमस्कार होवे।

(दक्षिण की ओर मुख करके पढ़े)

दक्षिण दिग्विदिगन्तरतः केवलि जिन सिद्ध साधु गणदेवाःये सर्वर्द्धि समृद्धा योगीशास्तानहं वंदे।

भावार्थ—दक्षिण दिशा विदिशा में अरहंत, सिद्ध, साधु, केवलि, कृत्रिमाकृत्रिम, जिन चैत्य, चैत्यालय जहां जहां हों उनको मेरा मन से, वचन, काय से बारम्बार नमस्कार होवे।

(पश्चिम की ओर मुख करके पढ़े)

पश्चिम दिग्विदिगन्तरतः केवलि जिन सिद्ध साधु गणदेवाःये सर्वर्द्धि समृद्धा योगीशास्तानहं वंदे।

भावार्थ—पश्चिम दिशा विदिशा में अरहंत, सिद्ध, साधु, केवलि, कृत्रिमाकृत्रिम, जिन चैत्य, चैत्यालय जहां जहां हो उनको मेरा मन से, वचन से, काय से बारम्बार नमस्कार होवे।

(उत्तर की ओर मुख करके पढ़े)

उत्तर दिग्विदिगन्तरतः केवलि जिन सिद्ध साधुगण देवाःये सर्वर्द्धि समृद्धा योगीशास्तानहं वंदे।

भावार्थ—उत्तर दिशा विदिशा में अरहंत, सिद्ध, साधु, केवलि, कृत्रिमाकृत्रिम, जिन चैत्य, चैत्यालय जहां जहां हों उनको मेरा मन से, वचन से, काय से बारम्बार नमस्कार होवे।

(पश्चात् दण्डवत् प्रणाम करके अपने आसन पर स्थिर चित्त से बैठ जाना चाहिये।)

(सामायिक करने की प्रतिज्ञा)

भगवन् नमोऽस्तुते एषोऽहमथ अपरान्हिक
देव बंदना करिष्यामि (सामायिक स्वीकारः)

भावार्थ—हे भगवन्! मैं आपको नमस्कार करता हुआ संध्या काल की देव वंदना में सामायिक स्वीकार करता हूँ। अर्थात् सामायिक काल पर्यन्त किसी प्रकार का आरंभ नहीं करूंगा और न इस स्थान को छोड़कर स्थानान्तर गमन करूंगा तथा जो मेरे शरीर पर परिग्रह है उससे निर्ममत्व होता हुआ अन्य सब परिग्रहों को छोड़ता हूँ।

(यहां समय की मर्यादा कर लेना चाहिये)

(सामायिक में चिन्तवन)

(श्लोक)

सिद्धं संपूर्ण भव्यार्थ सिद्धेः कारण मुत्तमम्।
प्रशस्त दर्शन ज्ञान चारित्रं प्रतिपादनम्॥

भावार्थ—सम्पूर्ण भव्यों के लिये इष्ट सिद्धि के सर्वोत्तम कारण तथा सम्यग्दर्शन--ज्ञान--चारित्र के प्रतिपादन करने वाले अनंतानंत सिद्धों को मेरा नमस्कार हो।

(श्लोक)

सुरेन्द्र मुकुटाश्लिष्टपाद पद्मांशु केशरम्।
प्रणमामि महावीरं लोक त्रितय मंगलम्॥

भावार्थ—प्रमाण करते हुये इन्द्रों के मुकुटों पर जिन प्रभु के चरणों की प्रभा प्रकाशमान हो रही है ऐसे तीनों लोकों के मंगल स्वरूप श्री वर्धमान स्वामी को नमस्कार हो।

(श्लोक)

सिद्ध वस्तु वचो भक्त्या सिद्धान् प्रणमतां-सदा।
सिद्ध कार्याः शिवं प्राप्ताः सिद्धिंददतुनोऽव्ययाम्।।

भावार्थ—सिद्ध हो चुके हैं समस्त कार्य जिनके तथा परम सुख को प्राप्त हुए सम्पूर्ण सिद्धों को भक्तिवश हम प्रणाम करते हैं। वे सिद्ध प्रभु हमें अविनाशी मोक्ष सिद्धि प्रदान करें।

(श्लोक)

नमोऽस्तु धूत पापेभ्यः सिद्धेभ्यः ऋषि परिषदे।
सामायिक प्रपद्येऽहं भव-भ्रमण सूदनम्।।

भावार्थ—मैं निर्दोष सिद्धों को तथा मुनि समुदाय को नमस्कार करता हूँ तथा संसार के परिभ्रमण को नाश करने वाली सामायिक को धारण करता हूँ।

(श्लोक)

दव्वे खेत्ते काले भावेय कदा वराहसो हयणम्।
णिन्दण गरहण जुत्तो मण, बच, कायेण पाडिकमणम्।।

भावार्थ—द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव, से मैंने कभी किसी की निन्दा, गर्हा की हो तो मैं मन, वचन, काय से उसका प्रतिक्रमण (पश्चाताप) करता हूँ।

(श्लोक)

खम्मामि सव्वजीवाणं, सव्वे जीवा खमंतु मे।
मित्तिमे सव्व भूदेसु, वैरंमज्झ ण केणवि।।

अर्थ—मैं सब जीवों को क्षमा करता हूँ सब जीव मुझ पर

क्षमा करें मेरा सब प्राणियों से मैत्री भाव है किसी से बैर भाव नहीं है।

(श्लोक)

समता सर्व भूतेषु संयमः शुभ भावना।
आर्त रौद्र परित्याग स्तद्धि सामायिकं व्रतम्।।

अर्थ—सर्व प्राणियों में सम भाव रखना संयम पालन करना, पवित्र भाव रखना तथा आर्त—रौद्र परिणामों को छोड़ना ही सच्चा सामायिक व्रत है।

(श्लोक)

साम्य मे सर्व भूतेषु, वैर मम न केनचित्।
आशा सर्वाः परित्यज्य समाधि महमाश्रये।।

अर्थ—मैं सम्पूर्ण प्राणियों में समता रखता हूँ किसी से बैर भाव नहीं है। मैं सर्व आशाओं को छोड़कर समाधि का आश्रय लेता हूँ।

(श्लोक)

रागात् द्वेषात् ममत्वाद्वा हा मया ये विराधिताः।
क्षम्यन्तु जन्तवस्ते मे, तेभ्यो क्षाम्याम्यहं पुनः।।

अर्थ—राग, द्वेष अथवा मोह से मैंने किसी जीव का विराधन किया हो तो वे मुझ पर क्षमा करें, मैं भी उनसे बार---बार क्षमा चाहता हूँ।

(श्लोक)

मनसा, वपुषा वाचा, कृत कारित सम्मतैः।
रत्नत्रये भवाः दोषान् गर्हे निन्दामि वर्जये।।

अर्थ—मन, वचन, काया से अथवा कृत कारित, अनुमोदना, से मैंने अपने रत्नत्रय में जो दोष लगाये हों उनकी मैं निन्दा गर्हा करता हूँ और उनका परित्याग करता हूँ।

(श्लोक)

तैरश्च, मानवं, दैवमुपसर्गं सहेऽधुना।
काया-हार कषायादीन्, प्रत्याख्यामि त्रिशुद्धितः।

अर्थ—तिर्यंञ्च, मनुष्य या देव कृत उपसर्ग को मैं इस समय धैर्य पूर्वक सहन करूँगा तथा शरीर आहार व कषायों को मन, वचन, काय से छोड़ता हूँ।

(श्लोक)

रागं द्वेषं भयं शोकं प्रहर्षौत्सुक्यदीनताः।
व्युत्सृजामि त्रिधा, सर्वा मरतिं रतिमेव च।।

अर्थ—मैं राग, द्वेष, भय, शोक हर्ष, विषाद दीनता तथा सब प्रकार की प्रीति और अप्रीति को मन वचन काय से छोड़ता हूँ।

(श्लोक)

जीविते मरणे लाभेऽलाभे योगे विपर्यये।
बन्धवारौ सुखे दुःखे सर्वदा समता मम।।

अर्थ—जीवन, मरण, लाभ--हानि, योग--वियोग, बन्धु--शत्रु, तथा सुख--दुःख में मेरे सदा समता भाव रहें।

(श्लोक)

आत्मैव मे सदा ज्ञाने दर्शने चरणे तथा।
प्रत्याख्याने ममात्मैव, तथा संवरयोगयोः।।

अर्थ—सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र तथा प्रत्याख्यान संवर और योग मम आत्म स्वरूप हैं अर्थात् आत्मा से ये कोइ भिन्न पदार्थ नहीं है।

(श्लोक)

एको मे शाश्वतश्चात्मा, ज्ञान, दर्शन लक्षणः।
शेषा वहिर्भवाः भावाः सर्वे संयोग लक्षणः।।

अर्थ—मैं एक शाश्वत् त्रिकाल स्थायी चैतन्य आत्मा हूँ, ज्ञान दर्शन ही मेरा सत्य लक्षण है, शेष रागादि भाव बाह्य पदार्थों के संयोग से पैदा होते है इसलिये मुझसे सर्वथा भिन्न हैं।

(श्लोक)

संयोगमूलं जीवेन, प्राप्ता दुःख परम्परा।
तस्मात् संयोगसम्बन्धं त्रिधा सर्वं त्यजाभ्यहं।।

अर्थ—संयोग जन्य रागादिक भावों से ही मैंने अनादि परम्परा से अनन्त दुःख भोगे हैं इसलिये अब मैं इन संयोगिक भावों को मन, वचन, काय, से छोड़ता हूँ।

(श्लोक)

एवं सामायिकात् सम्यक् सामायिकमखंडितम्।
वर्तता मुक्ति मानिन्या, वशी चूर्णयितं मम्ः।।

अर्थ—इस प्रकार समता पूर्वक की गई अखंड 'सामायिक' मुक्ति (रमा) को वश में करने के लिये मोहनी चूर्ण है।

(श्लोक)

भगवन् नमोऽस्तु प्रसीदतु प्रभु पादान्।
वंदिष्येऽहमिति एषोऽहं सर्व सावद्य योग विरतोऽस्मि।।

अर्थ—हे भगवन्! मैं आपके चरणों की वंदना करता हुआ नमस्कार करता हूँ और सब पाप कर्मों से विरक्त होता हूँ।

णमो अरिहंताण, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।

चत्तारि मंगलं, अरहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं,
साहू मंगलं, केवलि पण्णत्तो धम्मो मंगलं।

चत्तारि लोगुत्तमा, अरहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा,
साहू लोगुत्तमा, केवलि पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा।

चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंते सरणं पव्वज्जामि,
सिद्धे सरणं पव्वज्जामि, साहू सरणं पव्वज्जामि,
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते झौं झौं स्वाहा-

(अरहंत भक्ति पूर्वक सामायिक की दृढ प्रतिज्ञा)

अड्ढइज्जेसुदीवेसुदो समुदेसुपंणारसकम्मभूमिसु अरहंताण भयवंताण अदीदरायाणं तित्थयराणं धम्माइरियाणं धम्मदेसयाणं धम्मणायगाणं धम्मवरचाउरंग चक्कवट्टीणं देवाहिदेवाणं णाणाणं सदा करेमि किरियम्मि करेमि भंते सामायियं सव्व सावज्जोगं पचक्खामि जावनियमं तिविहेण मणसा वचियाकायेण णकरेमि णकारयेमि अंणंकरं तमपि ण समणुमण्णमि। तस्स भत्ति। अइच्चारं पडिक्कमामि। णिंदामि अण्णाणं गर्हामि अप्पाणं

जावदरहंताणं भयवन्ताणं पज्जुवासं करेमि
तावकायं पावकम्म दुच्चरियं वोस्सरामि

भावार्थ—ढाई द्वीप, दो समुद्र, पन्द्रह कर्म भूमियों में जो अर्हंत आदि तीर्थंकर धर्माचार्य धर्मोपदेशक धर्मनायक धर्म चक्रवर्ती देवाधिदेव और ज्ञानी हैं, उनकी मैं वंदनादिक क्रिया करता हूँ, और हे भगवन् ! सामायिक स्वीकार करता हूँ तथा सर्व पापों का त्याग कर इन पापों को सामायिक समय पर्यंत मन--वचन--काय से न करूँगा, न कराउँगा और न करते हुये की अनुमोदना करुंगा। मैं अतिचारों का त्याग, अज्ञान की निंदा व अपनी दूषित आत्मा का तिरस्कार करता हूँ। मैं अरहंत भगवान की उपासना करूंगा, तब तक पाप कर्म और दुष्ट आचरणों का त्याग करता हूँ।

अथ— अपरान्हिक देववन्दनायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकल कर्म क्षयार्थं सामायिक समेतं कायोत्सर्ग करोम्यहम्

(नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप करें)

ॐ

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

सर्वसामान्य प्रतिक्रमण–आवश्यक

प्रतिक्रमणना बे प्रकार छे : (१) निश्चय अने (२) व्यवहार.

निश्चय-प्रतिक्रमणनी व्याख्या[१] :–

पूर्वे करेलुं जे अनेक प्रकारना विस्तारवाळुं शुभाशुभ कर्म तेनाथी जे आत्मा पोताने निवर्तावे छे (पाछो वाळे छे), ते आत्मा प्रतिक्रमण छे.

व्यवहार–प्रतिक्रमणनी व्याख्या[२] :–

पोतानां शुभाशुभ कर्मनो आत्मनिंदापूर्वक त्याग करवानो भाव–आत्माना अेवा विशुद्ध परिणाम के जेमां अशुभ परिणामोनी निवृत्ति थाय.

प्रतिक्रमणना नीचे प्रमाणे छ विभाग छे :–

(१) सामायिक,
(२) तीर्थंकर भगवाननी स्तुति,
(३) वंदन,
(४) प्रतिक्रमण,
(५) कायोत्सर्ग,
(६) प्रत्याख्यान.

(विदेहक्षेत्रमां विचरंता भगवान श्री सीमंधरप्रभुनी आज्ञा लईने प्रतिक्रमण शरू करवुं.)

---

१ समयसार गाथा ३८३

२ श्रावकप्रतिक्रमण (पंडित नंदलालजीकृत प्रस्तावनामांथी)

पाठ १ लो

मंगलाचरण : नमस्कार–मंत्र

णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं ॥

अर्थ :–श्री अरिहंतोने नमस्कार हो, सिद्धोने नमस्कार हो, आचार्योने नमस्कार हो, उपाध्यायोने नमस्कार हो अने लोकमां रहेला सर्व साधुओने नमस्कार हो.[१]

अरिहंत सिद्ध आचार्य ने, उपाध्याय मुनिराज,
पंच पद व्यवहारथी, निश्चये आत्मामां ज. १०४[२]

*

पाठ २ जो

वंदना (तिक्खुत्तो)

तिक्खुत्तो, आयाहिणं, पयाहिणं, वंदामि, णमंसामि, सक्कारेमि, सम्माणेमि, कल्लाणं, मंगलं, देवयं, चेईयं, पज्जुवासामि.

अर्थ :—पंच परमेष्ठीने बे हाथ जोडी आवर्तनथी त्रण वखत प्रदक्षिणा करी हुं स्तुति करुं छुं, नमस्कार करुं छुं; विनयथी सत्कार करुं छुं, विवेकपूर्वक सन्मान करुं छुं. हे पूज्य! आप कल्याणरूप, मंगलरूप, देवरूप, ज्ञानरूप छो तेथी आपनी पर्युपासना–सेवा करुं छुं.

---

१. आ पंच परमेष्ठीनुं स्वरूप मोक्षमार्गप्रकाशक (गुजराती) पाना २ थी ६ सुधीमां छे, जिज्ञासुओ त्यांथी जोइ लेवुं.

२. योगीन्द्रदेवकृत योगसारमांथी

पाठ ३ जो*

आत्माना केवा भावने श्री भगवान सामायिक कहे छे ते हवे कहेवाय छे :–

जे समतामां लीन थई, करे अधिक अभ्यास;
अखिल कर्म ते क्षय करी, पामे शिवपुर वास. ६२.

सर्व जीव छे ज्ञानमय, जाणे समता धार;
ते सामायिक जिन कहे, प्रगट करे भवपार. ६८.

राग–द्वेष बे त्यागीने, धारे समता भाव;
सामायिक चारित्र ते, कहे जिनवर मुनिराव. ६६.

विरदो सव्वसावज्जे तिगुत्तो पिहिदिंदिओ ।
तस्स सामाइगं ठाई इदि केवलिसासणे ॥१२५॥

(हरिगीत)

सावद्यविरत, त्रिगुप्त छे, इन्द्रियसमूह निरुद्ध छे,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १२५.[1]

अर्थ :–जे सर्व सावद्यक्रियाथी विरक्त थई, त्रण गुप्तिओने धारीने पोतानी इन्द्रियोने गोपवे छे, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

जो समो सव्वभूदेसु थावरेसु तसेसु वा ।
तस्स सामाइगं ठाई इदि केवलिसासणे ॥१२६॥

स्थावर अने त्रस सर्व भूतसमूहमां समभाव छे,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १२६.

★ योगीन्द्रदेवकृत योगसारमांथी.

१. आ नं. १२५ थी १३३ सुधीनी गाथाओ श्री नियमसारनी छे.

अर्थ :–जे सर्व त्रस अने स्थावर प्राणीओमां समताभाव राखे छे, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

जस्स सण्णिहिदो अप्पा संजमे णियमे तवे ।
तस्स सामाइगं ठाई इदि केवलिसासणे ॥१२७॥

संयम, नियम ने तप विषे आत्मा समीप छे जेहने,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १२७.

अर्थ :–संयम पाळतां, नियम करतां तथा तप धरतां अेक आत्मा ज जेने समीप वर्ते छे, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

जस्स रागो दु दोसो दु विगडिं ण जणेति दु ।
तस्स सामाइगं ठाइ इदि केवलिसासणे ॥१२८॥

नहि राग अथवा द्वेषरूप विकार जन्मे जेहने,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १२८.

अर्थ :–जेने राग-द्वेष विकार पेदा थतो नथी, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

जो दु अट्टं च रुद्दं च झाणं वज्जेदि णिच्चसो ।
तस्स सामाइगं ठाइ इदि केवलिसासणे ॥१२९॥

जे नित्य वर्जे आर्त तेम ज रौद्र बंने ध्यानने,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १२९.

अर्थ :–जे नित्य आर्त अने रौद्र ध्यानोने टाळे छे, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

जो दु पुण्णं च पावं च भावं वज्जेदि णिच्चसो ।
तस्स सामाइगं ठाइ इदि केवलिसासणे ॥१३०॥

जे नित्य वर्जे पुण्य तेम ज पाप बन्ने भावने,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १३०.

अर्थ :–जे कोई नित्य पुण्य अने पापभावोने त्यागे छे, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

जो दु हस्सं रई सोगं अरतिं वज्जेदि णिच्चसो ।
तस्स सामाइगं ठाइ इदि केवलिसासणे ॥१३१॥

जो दुगंछा भयं वेदं सव्वं वज्जेदि णिच्चसो ।
तस्स सामाइगं ठाइ इदि केवलिसासणे ॥१३२॥

जे नित्य वर्जे हास्यने, रति अरति तेम ज शोकने,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १३१.

जे नित्य वर्जे भय जुगुप्सा, वर्जतो सौ वेदने,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १३२.

अर्थ :–जे हास्य, शोक, रति, अरति, जुगुप्सा, भय, त्रण प्रकारना वेद अेम सर्वे नोकषायने नित्य दूर राखे छे, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

जो दु धम्मं च सुक्कं च झाणं झाएदि णिच्चसो ।
तस्स सामाइगं ठाइ इदि केवलिसासणे ॥१३३॥

जे नित्य ध्यावे धर्म तेम ज शुक्ल उत्तम ध्याननें,
स्थायी समायिक तेहने भाख्युं श्री केवळीशासने. १३३.

अर्थ :–जे कोई नित्ये धर्मध्यान अने शुक्लध्याननने ध्यावे छे, तेने स्थायी (खरी) सामायिक होय छे अेम श्री केवळी भगवाने आगममां कह्युं छे.

पाठ ४ थो

हवे तीर्थंकर भगवाननी साची स्तुतिनुं स्वरूप कहेवामां आवे छे :–

जो इंदिये जिणित्ता णाणसहावाधियं मुणदि आदं ।
तं खलु जिदिंदियं ते भणंति जे णिच्छिदा साहू ॥३१॥

जीती इन्द्रियो ज्ञानस्वभावे अधिक जाणे आत्मने,
निश्चय विषे स्थित साधुओ भाखे जितेंद्रिय तेहने. ३१.*

अर्थ :–जे इन्द्रियोने जीतीने ज्ञानस्वभाव वडे अन्यद्रव्यथी अधिक आत्माने जाणे छे तेने, जे निश्चयनयमां स्थित साधुओ छे तेओ, खरेखर जितेन्द्रिय कहे छे.

जो मोहं तु जिणित्ता णाणसहावाधियं मुणदि आदं ।
तं जिदमोहं साहुं परमट्ठवियाणया बेंति ॥३२॥

जीती मोह ज्ञानस्वभावथी जे अधिक जाणे आत्मने,
परमार्थना विज्ञायको ते साधु जितमोही कहे. ३२.

अर्थ :–जे मुनि मोहने जीतीने पोताना आत्माने ज्ञानस्वभाव वडे अन्यद्रव्यभावोथी अधिक जाणे छे ते मुनिने परमार्थना जाणनाराओ जितमोह कहे छे.

जिदमोहस्स दु जइया खीणो मोहो हवेज्ज साहुस्स ।
तइया हु खीणमोहो भण्णदि सो णिच्छयविदूहिं ॥३३॥

★ पाठ ४था तथा ७मामां जे गाथाओ छे ते श्री समयसारनी छे.

जितमोह साधु तणो वळी क्षय मोह ज्यारे थाय छे,
निश्चयविदो थकी तेहने क्षीणमोह नाम कथाय छे. ३३.

अर्थ :–जेणे मोहने जीत्यो छे अेवा साधुने ज्यारे मोह क्षीण थई सत्तामांथी नाश थाय त्यारे निश्चयना जाणनारा निश्चयथी ते साधुने 'क्षीणमोह' अेवा नामथी कहे छे.

*

*पाठ ५ मो

आत्मानुं स्वरूप जाणवा आत्माना छ पदनो पाठ
कायोत्सर्ग (काउसग्ग) रूपे कहेवामां आवे छे :–
(नमस्कार मंत्र बोलवो)

अनन्य शरणना आपनार अेवा श्री सद्गुरुदेवने
अत्यंत भक्तिथी नमस्कार.

शुद्ध आत्मस्वरूपने पाम्या छे अेवा ज्ञानीपुरुषोअे नीचे कह्यां छे ते छ पदने सम्यग्दर्शनना निवासनां सर्वोत्कृष्ट स्थानक कह्यां छे.

प्रथम पद :–'आत्मा छे.' जेम घट पट आदि पदार्थो छे तेम आत्मा पण छे. अमुक गुण होवाने लीधे जेम घट पट आदि होवानुं प्रमाण छे, तेम स्वपरप्रकाशक अेवी चैतन्यसत्तानो प्रत्यक्ष गुण जेने विषे छे अेवो आत्मा होवानुं प्रमाण छे.

बीजुं पद :–'आत्मा नित्य छे.' घट पट आदि पदार्थो अमुक काळवर्ती छे, आत्मा त्रिकाळवर्ती छे. घटपटादि संयोगे करी पदार्थ छे, आत्मा स्वभावे करीने पदार्थ छे; केम के तेनी उत्पत्ति माटे कोई पण संयोगो अनुभवयोग्य थता नथी. कोई पण संयोगी द्रव्यथी चेतनसत्ता प्रगट थवायोग्य नथी, माटे अनुत्पन्न छे. असंयोगी होवाथी

★ श्रीमद् राजचंद्रमांथी

अविनाशी छे, केम के जेनी कोई संयोगथी उत्पत्ति न होय, तेनो कोईने विषे लय पण होय नहीं.

त्रीजुं पद :–'आत्मा कर्ता छे.' सर्व पदार्थ अर्थक्रियासंपन्न छे. कंई ने कंई परिणामक्रिया सहित ज सर्व पदार्थ जोवामां आवे छे. आत्मा पण क्रियासंपन्न छे. क्रियासंपन्न छे, माटे कर्ता छे. ते कर्तापणुं त्रिविध श्री जिने विवेच्युं छे. परमार्थथी स्वभावपरिणतिओ निजस्वरूपनो कर्ता छे. अनुपचरित (अनुभवमां आववायोग्य विशेष संबंधसहित) व्यवहारथी ते आत्मा द्रव्यकर्मनो कर्ता छे. उपचारथी घर, नगर आदिनो कर्ता छे.

चोथुं पद :–'आत्मा भोक्ता छे.' जे जे कंई क्रिया छे ते ते सर्व सफळ छे, निरर्थक नथी. जे कंई पण करवामां आवे तेनुं फळ भोगववामां आवे ओवो प्रत्यक्ष अनुभव छे. विष खाधाथी विषनुं फळ; साकर खावाथी साकरनुं फळ; अग्निस्पर्शथी ते अग्निस्पर्शनुं फळ; हिमने स्पर्श करवाथी हिमस्पर्शनुं फळ जेम थया विना रहेतुं नथी, तेम कषायादि के अकषायादि जे कंई पण परिणामे आत्मा प्रवर्ते तेनुं फळ पण थवायोग्य ज छे, अने ते थाय छे. ते क्रियानो आत्मा कर्ता होवाथी भोक्ता छे.

पांचमुं पद :–'मोक्षपद छे.' जे अनुपचरित व्यवहारथी जीवने कर्मनुं कर्तापणुं निरूपण कर्युं, कर्तापणुं होवाथी भोक्तापणुं निरूपण कर्युं, ते कर्मनुं टळवापणुं पण छे; केम के प्रत्यक्ष कषायादिनुं तीव्रपणुं होय पण तेना अनभ्यासथी, तेना अपरिचयथी, तेने उपशम करवाथी, तेनुं मंदपणुं देखाय छे, ते क्षीण थवायोग्य देखाय छे, क्षीण थई शके छे. ते ते बंधभाव क्षीण थई शकवायोग्य होवाथी तेथी रहित ओवो जे शुद्ध आत्मस्वभाव ते रूप मोक्षपद छे.

छट्ठुं पद :–ते 'मोक्षनो उपाय छे.' जो कदी कर्मबंध मात्र थया करे अेम ज होय, तो तेनी निवृत्ति कोई काळे संभवे नहीं; पण

कर्मबंधथी विपरीत स्वभाववाळां अेवां ज्ञान, दर्शन, समाधि, वैराग्य, भक्ति आदि साधन प्रत्यक्ष छे; जे साधनना बळे कर्मबंध शिथिल थाय छे, उपशम पामे छे, क्षीण थाय छे. माटे ते ज्ञान, दर्शन, संयमादि मोक्षपदना उपाय छे.

(नमस्कार मंत्र बोली कायोत्सर्ग पूरो करवो.)

श्री ज्ञानीपुरुषोअे सम्यग्दर्शनना मुख्य निवासभूत कह्यां अेवां आ छ पद अत्रे संक्षेपमां जणाव्यां छे. समीपमुक्तिगामी जीवने सहज विचारमां ते सप्रमाण थवा योग्य छे, परम निश्चयरूप जणावा योग्य छे, तेनो सर्व विभागे विस्तार थई तेना आत्मांमां विवेक थवा योग्य छे. आ छ पद अत्यंत संदेहरहित छे अेम परमपुरुषे निरूपण कर्युं छे. अे छ पदनो विवेक जीवने स्वस्वरूप समजवाने अर्थे कह्यो छे. अनादि स्वप्नदशाने लीधे उत्पन्न थयेलो अेवो जीवनो अहंभाव, ममत्वभाव ते निवृत्त थवाने अर्थे आ छ पदनी ज्ञानीपुरुषोअे देशना प्रकाशी छे. ते स्वप्नदशाथी रहित मात्र पोतानुं स्वरूप छे अेम जो जीव परिणाम करे, तो सहजमात्रमां ते जागृत थई सम्यग्दर्शनने प्राप्त थाय; सम्यग्दर्शनने प्राप्त थई स्वस्वभावरूप मोक्षने पामे. कोई विनाशी, अशुद्ध अने अन्य अेवा भावने विषे तेने हर्ष, शोक, संयोग, उत्पन्न न थाय. ते विचारे स्वस्वरूपने विषे ज शुद्धपणुं, संपूर्णपणुं, अविनाशीपणुं, अत्यंत आनंदपणुं, अंतररहित तेना अनुभवमां आवे छे. सर्व विभावपर्यायमां मात्र पोताने अध्यासथी अैक्यता थई छे, तेथी केवळ पोतानुं भिन्नपणुं ज छे अेम स्पष्ट–प्रत्यक्ष–अत्यंत प्रत्यक्ष–अपरोक्ष तेने अनुभव थाय छे. विनाशी अथवा अन्य पदार्थना संयोगने विषे तेने इष्ट–अनिष्टपणुं प्राप्त थतुं नथी. जन्म, जरा, मरण, रोगादि बाधारहित संपूर्ण माहात्म्यनुं ठेकाणुं अेवुं निजस्वरूप जाणी, वेदी ते कृतार्थ थाय छे. जे जे पुरुषोने अे छ पद सप्रमाण अेवां परम पुरुषनां वचने आत्मानो निश्चय थयो छे,

ते ते पुरुषो सर्व स्वरूपने पाम्या छे; आधि, व्याधि, उपाधि सर्व संगथी रहित थया छे, थाय छे अने भाविकाळमां पण तेम ज थशे.

जे सत्पुरुषोओ जन्म, जरा, मरणनो नाश करवावाळो, स्वस्वरूपमां सहज अवस्थान थवानो उपदेश कह्यो छे, ते सत्पुरुषोने अत्यंत भक्तिथी नमस्कार छे. तेनी निष्कारण करुणाने नित्य प्रत्ये निरंतर स्तववामां पण आत्मस्वभाव प्रगटे छे, अेवा सर्व सत्पुरुषो, तेना चरणारविंद सदाय हृदयने विषे स्थापन रहो!

जे छ पदथी सिद्ध छे अेवुं आत्मस्वरूप ते जेनां वचनने अंगीकार कर्ये सहजमां प्रगटे छे, जे आत्मस्वरूप प्रगटवाथी सर्वकाळ जीव संपूर्ण आनंदने प्राप्त थई निर्भय थाय छे, ते वचनना कहेनार अेवा सत्पुरुषना गुणनी व्याख्या करवाने अशक्ति छे, केम के जेनो प्रत्युपकार न थई शके अेवो परमात्मभाव ते जेणे कंई पण इच्छ्या विना मात्र निष्कारण करुणाशीलताथी आप्यो, अेम छतां पण जेणे अन्य जीवने विषे आ मारो शिष्य छे, अथवा भक्तिनो कर्ता छे, माटे मारो छे, अेम कदी जोयुं नथी, अेवा जे सत्पुरुष, तेने अत्यंत भक्तिअे फरी फरी नमस्कार हो!

जे सत्पुरुषोअे सद्गुरुनी भक्ति निरूपण करी छे, ते भक्ति मात्र शिष्यना कल्याणने अर्थे कही छे. जे भक्तिने प्राप्त थवाथी सद्गुरुना आत्मानी चेष्टाने विषे वृत्ति रहे, अपूर्व गुण दृष्टिगोचर थई अन्य स्वच्छंद मटे, अने सहेजे आत्मबोध थाय अेम जाणीने जे भक्तिनुं निरूपण कर्युं छे, ते भक्तिने अने ते सत्पुरुषोने फरी फरी त्रिकाळ नमस्कार हो!

जो कदी प्रगटपणे वर्तमानमां केवळज्ञाननी उत्पत्ति थई नथी, पण जेना वचनना विचारयोगे शक्तिपणे केवळज्ञान छे अेम स्पष्ट जाण्युं छे, श्रद्धापणे केवळज्ञान थयुं छे, विचारदशाअे केवळज्ञान थयुं

छे, इच्छादशाओ केवळज्ञान थयुं छे, मुख्य नयना हेतुथी केवळज्ञान वर्ते छे, ते केवळज्ञान सर्व अव्याबाध सुखनुं प्रगट करनार जेना योगे सहजमात्रमां जीव पामवा योग्य थयो, ते सत्पुरुषना उपकारने सर्वोत्कृष्ट भक्तिओ नमस्कार हो! नमस्कार हो!

*

पाठ ६ठ्ठो

श्री सद्गुरु-वंदन

अहो! अहो! श्री सद्गुरु, करुणासिंधु अपार;
आ पामर पर प्रभु कर्यो, अहो! अहो! उपकार. १.

शुं प्रभुचरण कने, धरुं, आत्माथी सौ हीन;
ते तो प्रभुओ आपियो, वर्तुं चरणाधीन. २.

आ देहादि आजथी, वर्तो प्रभु आधीन;
दास, दास, हुं दास छुं, तेह प्रभुनो दीन. ३.

षट् स्थानक समजावीने, भिन्न बताव्यो आप;
म्यान थकी तरवारवत्, ओ उपकार अमाप. ४.

जे स्वरूप समज्या विना, पाम्यो दुःख अनंत;
समजाव्युं ते पद नमुं, श्री सद्गुरु भगवंत. ५.

परमपुरुष प्रभु सद्गुरु, परम ज्ञान सुखधाम;
जेणे आप्युं भान निज, तेने सदा प्रणाम. ६.

देह छतां जेनी दशा, वर्ते देहातीत;
ते ज्ञानीना चरणमां, हो वंदन अगणित. ७.

*

पाठ ७ मो

